प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 18.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

..........................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार और पश्चिम बंगाल में विभिन्न विकास कार्य राष्ट्र को समर्पित करेंगे।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा – सरकार बचावकारी और उपचारी स्वास्थ्य सेवाएं देने के समग्र दृष्टिकोण से काम कर रही है।
- राजस्थान पुलिस की ओर से आज से जयपुर में मानव तस्करी पर राज्यस्तरीय सम्मेलन का आयोजन।
- आरपीएससी ने विभिन्न विभागों में 12 हजार 121 पदों पर भर्तियों के लिए विज्ञापन जारी किये।
- प्रदेश के पूर्वी हिस्सों मे आज भारी बारिश के आसार–कोटा और अजमेर संभाग में कहीं–कहीं बहुत भारी बारिश की संभावना।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। वे बिहार के मोतीहारी में सात हजार दो सौ करोड़ रूपए लागत के विकास कार्य राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। इनमें सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क, चार नई अमृत भारत रेलगाड़ियां और सड़क परियोजनाएं भी शामिल हैं। श्री मोदी पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में कई कार्यों की आधारशिला रखेंगे और पांच हजार करोड़ रूपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

..........................

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि सरकार बचावकारी और उपचारी– दोनों तरह की स्वास्थ्य सेवाएं देने के समग्र दृष्टिकोण से काम कर रही है। कल नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि एक लाख 77 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निर्माण किया गया है जो दूरदराज के इलाकों में भी संचालित हो रहे हैं। श्री नड्डा ने कहा कि सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में टेली–परामर्श और जांच सुविधाएं उपलब्ध है।

........

..........................

राजस्थान पुलिस की ओर से आज से जयपुर में मानव तस्करी पर राज्यस्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। राजस्थान पुलिस अकादमी में होने वाले **दो दिन के** इस सम्मेलन का उद्देश्य मानव तस्करी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श करना है। पुलिस सिविल राइट्स शाखा की महानिदेशक मालिनी अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन में तस्करी के बदलते स्वरूप, पीड़ितों की पहचान और बचाव, उनके पुनर्वास के तरीके, और अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर खास जोर दिया जाएगा। यह सम्मेलन राज्य भर के पुलिस अधिकारियों और संबंधित हितधारकों के लिए एक साझा मंच प्रदान करेगा।

..........................

प्रदेश में अपराधियों पर लगाम लगाने और आम नागरिकों को भयमुक्त वातावरण देने के लिए पुलिस ने दो दिन का विशेष अभियान चलाया। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल की सीधी निगरानी में 15 और 16 जुलाई को राज्यभर में चली 'ए' श्रेणी की सघन नाकाबंदी के दौरान अपराधियों की धरपकड की गयी। श्री बंसल ने कहा कि यह 'ए' श्रेणी नाकाबंदी केवल एक अभियान नहीं बल्कि अपराधियों के खिलाफ 'जीरो–टॉलरेंस' नीति का स्पष्ट संदेश है।

..........................

राजस्थान लोक सेवा आयोग–आरपीएससी ने विभिन्न विभागों में 12 हजार 121 पदों पर भर्तियों के लिये विज्ञापन जारी किये है। 5 विभागों में की जाने वाली इन भर्तियों की जानकारी आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि इनमें वरिष्ठ अध्यापक के साढे 6 हजार, प्राध्यापक तथा कोच के 3 हजार 225 और पशु चिकित्सा अधिकारी के 1100 पद शामिल है। साथ ही उप निरीक्षक और प्लाटून कमांडर के 1 हजार 15 तथा सहायक कृषि अभियंता के 281 पदों पर भर्ती की जायेगी। उधर राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने प्रदेश के तीनों विद्युत वितरण निगमों में तकनीशियन के 1 हजार 947 नये पदों के सृजन करने और उन्हें भरने की स्वीकृति दी है।
इन्हें मिलाकर अब कुल पद 2 हजार 163 हो गए है, जिन पर भर्ती की जानी है। गौरतलब है कि बिजली निगमों में तकनीशियन के 216 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है।

..........................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा में भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने जिला कलक्ट्रेट सभागार में आपदा प्रबंधन को लेकर बैठक की। श्री बिरला ने अधिकारियों को भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिवृष्टि से हुए नुकसान का जल्द सर्वे कर प्रभावितों को राहत राशि दिलाने को कहा। साथ ही स्कूल, आंगनबाडी केन्द्र तथा अन्य भवनों में हुए नुकसान का सर्वे कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। लोकसभा अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफोर्म के जरिये लोगों को बारिश के दौरान नदी नालों और डूब क्षेत्र की ओर नहीं जाने की चेतावनी भेजने के निर्देश दिए। साथ ही शहरी क्षेत्रों में जल भराव वाली कॉलोनियों की वीडियोग्राफी कर निगरानी टीम बनाने को कहा।

..........................

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों मे आज भारी बारिश के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान कोटा और अजमेर संभाग में कहीं–कहीं बहुत भारी बारिश हो सकती है। वहीं जोधपुर संभाग में भी कुछ हिस्सों में तेज से बहुत तेज बरसात के आसार है। 6 जिलों के लिए बारिश का रेड अलर्ट है। इनमें अजमेर, भीलवाडा, बूंदी, कोटा, टोंक और पाली शामिल है। वहीं 8 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भरतपुर और धौलपुर में सुबह से बरसात की झडी लगी हुई है। पाली में हल्की से मध्यम बरसात हो रही है। भीलवाडा में कल से लगातार रूक–रूक कर बरसात का दौर जारी है। पानी की लगातार आवक से त्रिवेणी नदी पूरे वेग से बह रही है। कोटा में चम्बल नदी के कैचमेन्ट क्षेत्र में लगातार बरसात से हो रही पानी की आवक को देखते हुए कोटा बेराज के दो गेट फिर से खोल दिये गये है। जवाहर सागर बांध से भी करीब पांच हजार क्यूसेक पानी की लगातार निकासी की जा रही है। बारिश को देखते हुए जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को मुख्यालय नहीं छोडने के निर्देश दिए है। सवाईमाधोपुर में ढील बांध पूरा भरने के बाद इस पर लगातार चादर चल रही है। देवली एचेर गांव के पास बनास नदी की रपट पर पानी आ जाने से चौथ का बरवाडा शिवाड जयपुर मार्ग पर यातायात अवरूद्ध है। अजमेर में अल सुबह से तेज बरसात हो रही हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि बारिश से कई निचले इलाकों में पानी भर गया है।

..........................

मौसम विभाग ने 20 जुलाई से राज्य में भारी बारिश की गतिविधियों में कमी की संभावना जतायी है।

..........................

जम्मू–कश्मीर में अमरनाथ यात्रा आज से फिर शुरू हो गई है। यात्रा को कल कश्मीर और जम्मू क्षेत्रों के अधिकांश हिस्सों में खराब मौसम के कारण अस्थायी रूप से रोक दिया गया था।

..........................